पंजाब केसरी 20/01/2026

जी.एम.एन. कॉलेज की बी.बी.ए. छात्राओं का हुआ चयन

छात्रा पालक और सैजल।

अम्बाला, 19 जनवरी (बलराम): गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज, अम्बाला कैंट के बी.बी.ए. विभाग की छात्राओं पालक और सैजल का चयन प्रतिष्ठित कम्पनी कोरिजो एजुटेक, गुरुग्राम में हुआ है। दोनों छात्राओं को 6.5 लाख प्रति वर्ष के आकर्षक पैकेज की पेशकश की गई है। इस उपलब्धि के साथ ही कॉलेज में बी.बी.ए. प्लेसमैंट सीजन का औपचारिक शुभारंभ हो गया है।

इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने दोनों छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि पालक और सैजल की यह सफलता उनके कठिन परिश्रम, आत्मविश्वास और निरंतर प्रयासों का परिणाम है। हमें पूर्ण विश्वास है कि वे अपने पेशेवर जीवन में उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगी और संस्थान का नाम गौरवान्वित करेंगी।

कॉलेज के प्रबंधन ने भी इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज सदैव गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, कौशल विकास और रोजगारोन्मुख प्रशिक्षण के लिए प्रतिबद्ध रहा है। पालक और सैजल की सफलता हमारे शैक्षणिक दृष्टिकोण और सशक्त प्लेसमैंट प्रणाली का सशक्त प्रमाण है। प्रबंधन ने दोनों छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

इस अवसर पर कमलप्रीत कौर, प्रशिक्षण एवं प्लेसमैंट अधिकारी ने कहा कि यह उपलब्धि बी.बी.ए. विभाग के लिए अत्यंत गर्व का क्षण है। जी.एम.एन. कॉलेज में छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए वर्ष भर पर्सनालिटी डवैल्पमैंट की कार्यशालाएं आयोजित की जाती हैं। साथ ही लैंग्वेज लैब के माध्यम से विद्यार्थियों की कम्युनिकेशन स्किल्स को और अधिक सुदृढ़ बनाया जाता है। चयनित छात्राओं पालक और सैजल ने अपनी मेहनत और अनुशासन से यह सिद्ध कर दिया है कि सही मार्गदर्शन और समर्पण से कोई भी लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है।

बी.बी.ए. विभागाध्यक्ष डा. भारती विज ने इस अवसर पर कहा कि पालक और सैजल की यह उपलब्धि उनकी मेहनत, अनुशासन और सीखने की ललक का परिणाम है। यह सफलता अन्य छात्रों के लिए भी प्रेरणा स्रोत बनेगी। हमें पूर्ण विश्वास है कि वे भविष्य में और भी ऊंचाइयों को छुएंगी। इसके अतिरिक्त डा. रवनीत एवं डा. अमिता ने भी पालक और सैजल को इस उल्लेखनीय सफलता पर हार्दिक बधाई दी और उनके भावी जीवन में निरंतर प्रगति की कामना की।